**श्रेष्ठ सुप्रभात**

सत्यवादी के जीवन में संघर्ष तो आ सकते हैं, किन्तु उसके पास इतना आत्मबल होता है कि वह परास्त नहीं होता।

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 25.0 | 5.0 |
| बीकानेर | 25.0 | 4.0 |
| जयपुर | 24.0 | 6.0 |

E- Paper NEXT 0005

newsexcellenttoday.com | 16 दिसंबर 2024, सोमवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा- 2081

## बीकानेर विकास प्राधिकरण की स्थापना

NEXTI राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने एक अधिसूचना जारी करते हुए बीकानेर विकास प्राधिकरण की स्थापना करने के आदेश जारी किए हैं। अधिसूचना में सरकार के उप सचिव रवि विजय ने बताया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण अध्यादेश, 2024 (अध्यादेश संख्या 3, 2024) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार तत्काल प्रभाव से उक्त अध्यादेश के प्रयोजनों के लिए "बीकानेर विकास प्राधिकरण" नामक प्राधिकरण की स्थापना राज्यपाल के आदेश से करती है।

## MGSU की मुख्य परीक्षा दिसम्बर अंतिम सप्ताह में एबीसी आईडी बनाना अभ्यर्थियों के लिए जरूरी

NEXTI महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय (MGSU) की मुख्य परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से शुरू हो रही है। इस वर्ष पहली बार सभी अभ्यर्थियों के लिए एबीसी आईडी (Academic Bank of Credits ID) बनाना अनिवार्य कर दिया गया है।

बिना इस आईडी के परीक्षा फॉर्म भरना संभव नहीं होगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, प्रो. राजाराम चोयल ने सभी कॉलेज प्रधानाचार्यों को यह निर्देश जारी किए हैं। यह कदम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के निर्देशानुसार उठाया गया है, जिससे छात्रों का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जा सके और भविष्य में प्रमाणन प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके।

- संभाग के 482 कॉलेजों में पढ़ने वाले लगभग 1.5 लाख विद्यार्थियों को यह आईडी बनानी होगी।
- पहली बार परीक्षा देने वाले सभी छात्रों को यह अनिवार्य रूप से बनानी होगी।
- यह एक स्थायी अकाउंट होगा, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा जारी सभी परीक्षा परिणाम उपलब्ध होंगे।
- वेरिफिकेशन के दौरान यह प्रक्रिया को आसान बनाएगा।
- डिजीलॉकर पोर्टल या अन्य संबंधित पोर्टल के माध्यम से बनवाएं।
- आईडी बनाते समय यह सुनिश्चित करें कि आधार कार्ड, अंक तालिका, और अन्य व्यक्तिगत विवरण (जैसे नाम, जेंडर, जन्मतिथि) समान हो।
- व्यक्तिगत जानकारी शुद्ध हो।

## अन्नपूर्णा जयंती पूर्णिमा और मलमास के प्रारंभ पर गौवंश की सेवा शुरू

NEXTI कोटासर की करणी गौशाला में अन्नपूर्णा जयंती पूर्णिमा और मलमास के शुभारंभ दिवस पर भामाशाहों ने गौ सेवा का लाभ लिया।कटक भुवनेश्वर प्रवासी माणिकचन्द मूंधड़ा दुलचासर ने अन्नपूर्णा जयंती के पर्व पर गौ सेवार्थ 25000 रु की राशि गौशाला को समर्पित की। चेन्नई एवं दुबई प्रवासी चंद्रप्रकाश बुढ़ल सुथार, संजू बुढ़ल सुथार और मुंबई प्रवासी प्रकाश और नीलम बुढ़ल सुथार गोगेलाव ने एक-एक कड़ाई लापसी भंडारा गौ वंश को समर्पित किया।




## शैक्षणिक सत्र 2024-25 (समाज कल्याण विभाग) के छात्रवृति और उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना के फार्म भरना शुरू

NEXTI शैक्षणिक सत्र 2024-25 (समाज कल्याण विभाग) के छात्रवृति फॉर्म और उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना के फॉर्म भरे जाने शुरू हो चुके हैं।

**कौन - कौन फॉर्म भर सकता है**

अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एव अर्द्धघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय के विद्यार्थी जो राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय/राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत है।

2.50लाख रु. वार्षिक आय वाले परिवारों के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकेंगे।

**विद्यार्थी की बायोमैट्रिक उपस्थिति**

विद्यार्थी शिक्षण संस्थान में माह में कम से कम एक बार शिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर छात्रवृत्ति पोर्टल पर बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है।

**दस्तावेज :-**

- जन आधार कार्ड अपडेट हो
- आय का विवरण(प्रमाण पत्र)
- मूल निवास • जाति प्रमाण पत्र
- गत वर्ष की अंकतालिकाएँ
- शुल्क रसीद (Fee Receipt)
- विद्यार्थी का बैंक विवरण

बैंक खाता आधार कार्ड से सीडेड होना अनिवार्य (यह प्रक्रिया खाता आधार लिंक से भिन्न है, कृपया बैंक से संपर्क कर बैंक खाता आधार सीडेड करवायें). KYC पूर्ण हो।

## दस दिवसीय निःशुल्क अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर 17 से

NEXTI कालू गांव में आगामी 17 दिसंबर से 26दिसंबर तक आयोजित होने वाले नि:शुल्क 10दिवसीय अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन जगदम्बा यात्री निवास में आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रभुदयाल जाट के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी बृजलाल डूडाणी ने भारतीय चिकित्सा परंपरा की ओर लौटने का आह्वान किया। समाजसेवी शंकर लाल राठी ने बताया कि इस शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, गठिया, भगंदर, मस्सा, कब्ज, जोड़ों का दर्द समेत अनेक बीमारियों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सेठ जीवणराम दीपचंद डूडाणी चैरिटेबल ट्रस्ट व स्वर्गीय मूलचंद हजारीमल झंवर कालू तथा राजस्थान सरकार के आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित होने वाले



10दिवसीय शिविर में बवासीर (मस्सा/पाइल्स) के ऑपरेशन क्षार सूत्र पद्धति के माध्यम से नि:शुल्क किए जाएंगे। शिविर प्रभारी डॉक्टर मगनानाथ ने बताया कि पंपलेट विमोचन के अवसर पर जगदंबा ट्रस्ट के अध्यक्ष जंवरी मल, पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल लेघा, दौलतराम डोगीवाल, काशीराम झंवर, शिवराज, शंकर लाल राठी, पूर्व सरपंच रमेश सेठिया, रतनलाल बांठिया, आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन अध्यक्ष रावतराम डूडी, गौरीशंकर नाई एवं सत्यनारायण ढाका मौजूद थे। मंच संचालन कमल किशोर पीपलवा ने किया।

इस अवसर पर प्रचार रथ को आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ प्रभुदयाल जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के अंत में शिविर के सह प्रभारी डॉक्टर भंवरलाल ज्याणी एवं डॉ. जगदीश प्रसाद चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आओ जाने भारत के संविधान और अनुच्छेद- 15 व 19 को

### अधिवक्ता दीपिका सोनी

NEXTI भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। इसके नागरिक मूल स्रोत है। भारत के संविधान में जो भी नीतियाँ बनाई गयी है, देश के नागरिकों के हित में तथा इसे केन्द्रित करते हुए बनायी है। वह नागरिक चाहे किसी भी धर्म, जाति, लिंग, निवास से सम्बंध रखता हो।

**अनुच्छेद-15, समानता प्रदाता**

संविधान का अनुच्छेद-15 धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध करता है। सरकार किसी भी नागरिक पर उपरोक्त आधार पर भेदभाव नहीं करेगा तथा किसी नागरिक का केवल धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर दुकानों, होटलों, सार्वजनिक भोजनालयों, मनोरंजन के स्थानों में प्रवेश करने में प्रतिबंध नहीं होगा। तथा सार्वजनिक रूप से जनता के प्रयोग के लिए कुओं, तालाबों, स्नानघर, सड़कों आदि के उपयोग के लिए प्रतिबंध नहीं होगा। सरकार कुछ विशेष वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान कर सकती है।

**अनुच्छेद-19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**

इसी प्रकार संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a) भारत के नागरिकों को बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। जिसके अनुसार प्रत्येक नागरिक को बोलने एवं अपने विचारों को प्रकट करने की स्वतंत्रता है। यह स्वतंत्रता एक मूल अधिकार के रूप में नागरिकों को प्राप्त है।

परन्तु कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति की मानहानि दुर्भावनापूर्ण आशय से नही कर सकेगा तथा इस स्वतंत्रता के कारण देश की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है या लोकहित एवं सदाचार आदि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है या भारत देश के विदेशी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध प्रभावित होते हैं तो सरकार कानून बनाकर इन पर प्रतिबंध लगा सकती है।

## एडवोकेट तेजी का सेन्ट्रल नोटेरी बनने पर हुआ सम्मान

NEXTI टाउन हॉल बीकानेर में महर्षि नवलप्रकाश मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वाल्मीकि समाज स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में श्रीडूंगरगढ़ के एडवोकेट पुखराज तेजी का सम्मान किया गया। तेजी के सेंट्रल नोटेरी बनने पर सपत्नीक पूनम तेजी के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष आनन्द मल चौहान, संरक्षक विनोद बारासा, उपाध्यक्ष श्यामलाल तेजी, महासचिव फतेहचंद पड़िहार, सचिव श्रवण कुमार घारू ने विचार



व्यक्त किये। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र वाल्मीकि, शिवलाल तेजी, विनोद जावा, नन्दलाल जावा, आंनद मल चौहान आदि मौजूद रहे।

## राज्य सरकार दुधारू पशुओं और ऊँट का कर रही है बीमा, 40हजार मिलेगी बीमा राशि

NEXTI पशुपालकों को राज्य सरकार द्वारा 400करोड़ की लागत से पशुओं के बीमा की सुविधा गत शुक्रवार से देनी शुरू कर दी गई है। "मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना" नाम से शुरू इस योजना में पहले आने वाली 5लाख गायों, 5लाख भैंसों, 5लाख भेड़ों, 5लाख बकरियों और 1लाख ऊंटों का बीमा किया जाना तय है।

इस योजना के तहत लाभ लेने के लिए प्रदेश के सभी जनाधार कार्ड धारक पशुपालक बीमा विभाग के एप/सॉफ्टवेयर पर आवेदन कर सकते हैं। मोबाईल ऐप/वेबपोर्टल पर शुक्रवार से आवेदन शुरू हो गए हैं और 12जनवरी 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। बीमा के लिए लॉटरी द्वारा पशुपालकों का चयन किया जाएगा। इसमें बीमा की अधिकतम राशि 40000रुपये दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

## शराब ठेके के खिलाफ धरने का 105वां दिन

NEXTI श्रीडूंगरगढ़ के गांव धीरदेसर चोटियान में शराब ठेका बंद करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 105 दिनों से लगातार जारी है। रविवार को धरना स्थल पर एडवोकेट श्याम सुंदर आर्य ने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धरने में ग्रामीणों ने एकजुट होकर ठेका बंद करवाने की अपनी मांग दोहराई।धरने पर प्रभुराम चोटिया, केशराराम चोटिया, सहीराम चोटिया, सांवरमल सहू, तेजाराम मेघवाल, मुन्नीराम चोटिया, केशराराम, कालूराम, विजय, देदाराम, सुनिल सांसी, और किशन चोटिया मौजूद रहे।